जनपद हमीरपुर

थाना चिकासी **दिनांक 19.06.2026**

थाना चिकासी पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-64/2026, धारा-309(4)/317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धि 02 वांछित अभियुक्त लूटा गया मंगलसूत्र व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।

घटना का संक्षिप्त विवरण

अवगत कराना है कि दिनांक 15.06.2026 को समय 00:23 बजे वादी अमित कुमार पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम मंगरौठ, थाना चिकासी, जनपद हमीरपुर द्वारा थाना चिकासी पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा उनकी पत्नी श्रीमती शिवानी के गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गए हैं। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चिकासी पर मु0अ0सं0 64/2026 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस कार्यवाही-

थाना चिकासी पुलिस द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु साक्ष्यों का संकलन, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को थाना चिकासी पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1.कपिल सेन पुत्र संतोष 2.प्रहलाद उर्फ पहलवान अहिरवार पुत्र देवीदीन को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया मंगलसूत्र तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. कपिल सेन पुत्र संतोष (उम्र करीब 23 वर्ष) निवासी ग्राम बुड़ौरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
2. प्रहलाद उर्फ पहलवान अहिरवार पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम सेना थाना राठ जनपद हमीरपुर ।

आपराधिक इतिहास

अभियुक्त प्रहलाद उर्फ पहलवान

1.अ0सं0 290/21 धारा 379/411/413/414 IPC कोतवाली उरई जनपद जालौन।
2.अ0सं0 293/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट कोतवाली उरई जनपद जालौन।
3.अ0सं0 295/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट कोतवाली उरई जनपद जालौन।

गिरफ्तारी का स्थान-

ग्राम बरगढ़ मोड़ थाना चिकासी, हमीरपुर

पुलिस टीम-

उ0नि0 मोहित देव	का0 पवन कुमार
रि0का0 अजय कुमार	रि0का0 विशाल यादव